# MP BOARD CLASS 10 EM HINDI GENERAL MODEL PAPER SET 1 2020

म.प्र. बोर्ड कक्षा 10 EM हिन्दी (सामान्य) मोडल पेपर सेट 1 2020

समय :3 घण्टा ] [पूर्णांक : 100

निर्देश : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1x5-5 अंक निर्धारित हैं। कुल अंक (1x5x5=25) हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए दो-दो अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 30 शब्द है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन-तीन अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा 30 से 75 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए चार-चार अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा 75 से 120 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 25 से 27 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच-पाँच अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा 120 से 150 शब्द है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7 +3 = 10) अंक निर्धारित हैं। 'अ' खण्ड के लिए 7 अंक हैं। शब्द-सीमा 200 से 250 शब्द है। खण्ड 'ब' के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न 1. सही विकल्प का चयन कीजिए- 1x5= 5

(i) मीराबाई ने केसर घोली है-

(क) चन्दन की, (ख) फूलों की, (ग) शील-सन्तोष की, (घ) खुशबू की।

(ii) 'कर्मवीर' कविता के रचनाकार हैं

(क) रामनरेश त्रिपाठी, (ख) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध', (ग) उषा वर्मा, (घ) प्रेम भारती।

(iii) श्रीनगर का सबसे ऊँचा स्थान है-

(क) जम्मू पहाड़ी, (ख) श्री शंकराचार्य पहाड़ी, (ग) श्रीनगर पहाड़ी, (घ) इनमें से कोई नहीं।

(iv) पूर्व और नूतन का जहाँ मेल होता है वही-

(क) संस्कृति की उपजाऊ भूमि है, (ख) अग्नि की उपासना है,

(ग) ऋग्वेद का आधार है, (घ) बाबा वचन प्रमाण है।

(v) बड़ी कठिनाई से प्राप्त होने वाली को क्या कहेंगे?

(क) कठिन, (ख) दुर्लभ, (ग) अप्राप्त, (घ) सुलभा

उत्तर-(i) (ग), (ii) (ख), (ii) (ख), (iv) (क),(v)(ख)।

प्रश्न 2. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए- 1x5-5

(i) शबरी की कुटिया में ............. आये थे। (भगवान राम/भरत जी)

(ii) 'साये में धूप' प्रसिद्ध गजल संग्रह के कवि ......... है। (दिवाकर वर्मा/दुष्यंत कुमार)

(iii) महावीर प्रसाद द्विवेदी ने अपने लिए .......सिद्धान्त या आदर्श निश्चित किये थे। (पाँच/चार)

(iv) 'आत्मकथा' गद्य की ............... विधा है। (प्रमुख/गौण)

(vi) जिस समास में दूसरा पद प्रधान हो वह ....... समास होता है। (द्वन्द्व/कर्मधारय)

उत्तर-(i) भगवान राम, (ii) दुष्यंत कुमार, (iii) चार, (iv) गौण, (v) कर्मधारय।

प्रश्न 3. सत्य/असत्य चुनकर लिखिए- 1x5=5

(i) अर्थ के आधार पर वाक्यों को दस भागों में बाँटा जा सकता है।

(ii) 'अग्नि' तत्सम शब्द है। http://www.mpboardonline.com

(iii) तुलसीदास का बचपन घोर कष्टों में बीता।

(iv) सम्राट अशोक ने अमिता को दण्डित किया।

(v) गोपाल मगध का सेनापति था।

उत्तर-(i) असत्य, (ii) सत्य, (iii) सत्य, (iv) असत्य, (v) सत्य।

प्रश्न 4. सही जोड़ी बनाइए- 1x5=5

| | |
|---|---|
| (i) खण्डहर के हृदय-सी | (क) सात सौ |
| (ii) गीता के श्लोक | (ख) आदमी की पीर |
| (ii) हिन्दी गजल | (ग) तीन |
| (iv) अनिल | (घ) दुष्यन्त कुमार |
| (v) रचना के आधार पर वाक्य के भेद | (ङ) हवा |

उत्तर-(i)→ (ख), (ii)→ (क), (iii)→ (घ), (iv)→ (ङ), (v) →(ग)।

प्रश्न 5. एक शब्द/वाक्य में उत्तर लिखिए- 1x5=5

(i) 'उच्चारण' शब्द का सन्धि विच्छेद कर सन्धि का नाम बताइए।

(ii) अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने प्रकार होते हैं ?

(iii) द्विवेदी जी को सरस्वती पत्रिका से कितने रुपये की आमदनी होती थी ?

(iv) कलिंग की महारानी कौन थी?

(v) 'जाके प्रिय न राम वैदेही पंक्ति का रचनाकार कौन है?

उत्तर-(i) उत्+चारण, व्यंजन सन्धि, (ii) आठ, (iii) बीस रुपये की, (iv) अमिता, (v) तुलसीदास।

प्रश्न 6. सुबह जल्दी उठने से क्या लाभ होता है ? 2

अथवा

कन्याकुमारी और गोश्रीनगर (कोचीन) भारत के किन राज्यों में स्थित हैं ?

प्रश्न 7. स्वभाव से साधु कौन होते हैं ? 2

अथवा

'हँसिए और स्वस्थ रहिए' का मुख्य प्रतिपाद्य लिखिए।

प्रश्न 8. भारतेन्दु युग के निबन्धों की दो विशेषताएँ, दो प्रमुख निबन्धकार व उनकी एक-एक रचना का नाम लिखिए। 2

अथवा

'जीवनी' की परिभाषा लिखिए।

प्रश्न 9. रिपोर्ताज किस भाषा का शब्द है ? इस विधा के दो लेखकों के नाम लिखिए। 2

अथवा

संस्मरण की चार विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 10. निम्नलिखित में सन्धि कीजिए- 2

मनः + रथ, एक + एक।

अथवा

निम्नलिखित में समास-विग्रह कर समास का नाम बताइए-

माता-पिता, रात-दिन।

प्रश्न 11. निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिएभीख, गाँठ, सफेद, छतरी। 2

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

फूल, आकाश।

प्रश्न 12. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए- 2

निर्मल, नूतन, स्थूल, तुच्छ।

अथवा

निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक वाक्य लिखिए-

(i) जो मीठी वाणी बोलता हो। (ii) जो धनुष धारण करता हो।

प्रश्न 13. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए- 2

(i) तुम प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। (विस्मयादिबोधक)

(ii) अरविन्द ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की। (प्रश्नवाचक)

अथवा

निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए-(कोई दो)

(i) वह दुकानदार के पास जाओ। (ii) हम बस से मथुरा जाऊँगा। (iii) हवा चल रही है।

प्रश्न 14. नीचे लिखे वाक्यों में उपयुक्त विराम चिह्न लगाइए- 2

नौकरी छोड़ने पर मेरे मित्रों ने कई प्रकार से मेरी सहायता करने की इच्छा प्रकट की किसी ने कहा आओ मैं तुम्हें अपना प्राइवेट सैक्रेटरी बनाऊँगा।

अथवा

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

(i) कागज काला करना, (ii) एक और एक ग्यारह होना।

प्रश्न 15. लोकोक्ति और कहावत किसे कहते हैं ? 2

अथवा

सन्धि किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 16. पायो नाम चारु चिंतामनि' से कवि का क्या आशय है ? 3

अथवा

मीरा ने 'अमोलक धन' किसे कहा है और क्यों ?

प्रश्न 17. कवि रामनरेश त्रिपाठी ने भारत देश की कौन-कौन सी विशेषताएँ बताई हैं? 3

अथवा

'बरखा गीत' के अनुसार वर्षा के आगमन पर धरती में क्या-क्या परिवर्तन होते हैं?

प्रश्न 18. मनुष्य की पीड़ा गूंगी होकर भी गाने में समर्थ है।' इसका आशय स्पष्ट कीजिए। 3

अथवा

शबरी के किस भाव को देखकर श्रीराम हँस पड़े ?

प्रश्न 19. होशंगाबाद में द्विवेदी जी ने क्या नई उपलब्धियाँ प्राप्त की ? 3

अथवा

"कुटुम्ब एक महान वृक्ष है। छोटी-बड़ी सभी डालियाँ उसकी छाया को बढ़ाती हैं।" इस कथन की सोदाहरण व्याख्या कीजिए। http://www.mpboardonline.com

प्रश्न 20. मुक्त हास्य से क्या-क्या लाभ होते हैं ? 3

अथवा

टिहरी शहर में आपाधापी क्यों मची थी?

प्रश्न 21. 'प्रकृति परमात्मा का ही एक रूप है।' इस कथन को स्पष्ट कीजिए। 3

अथवा

गुरुनानक ने किसानों के सम्बन्ध में क्या-क्या कहा है ?

प्रश्न 22. 'गरीब आदमी का श्मशान नहीं उजड़ना चाहिए।' इस कथन को स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

'अरविन्द दिव्य संस्कारों के धनी थे।' स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 23. कवि रामनरेश त्रिपाठी ने 'भारत को संसार का शिरोमणि कहा है। स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

राम-लक्ष्मण को अपनी कुटिया पर आया हुआ देखकर शबरी की क्या दशा हो गई ?

प्रश्न 24. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- 4

वायुमण्डल है विषैला
विषधरों की भी बहुलता,
पोटली विष की भरी है,
चाहिए प्रतिपल सजगता
मधुर-मादक-मत्त ध्वनि से
विषधरों को कोल दे जो
है मुझे विश्वास तुम उस बीन से निश्चित बजोगे।

अथवा

इस नदी की धार में ठंडी हवा आती तो है,
नाव जर्जर ही सही, लहरों से टकराती तो है।
एक चिनगारी कहीं से ढूँढ लाओ दोस्तो,
इस दिये में तेल से भीगी हुई बाती तो है।

प्रश्न 25. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2 +1+2 =5

मनुष्य के जीवन में आरोग्य का बहुत महत्व है। मनुष्य जीवन तभी सुखी हो सकता है जब वह निरोगी हो। जो मनुष्य निरोगी होगा वही पुरुषार्थ कर सकता है। रुग्णता में शक्ति नहीं होती। अतः शरीर को निरोगी रखना हमारा मूल धर्म है। अतः मनुष्य को शरीर को निरोगी बनाने के लिए व्यायाम और प्राणायाम प्रतिदिन करना चाहिए।

प्रश्न- (क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(ख) शरीर को निरोगी कैसे रख सकते हैं ?

(ग) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 26. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2+1+2=5

तुम ही धरती के पुत्र, न हिम्मत हारो,

श्रम की पूँजी से अपना काज सँवारो।

श्रम की सीपी में ही वैभव दुलता है,

तब स्वाभिमान का दीप स्वयं जलता है।

प्रश्न-(क) प्रस्तुत पद्यांश का भाव समझाइए।

(ख) प्रस्तुत पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ग) स्वाभिमान की भावना कब जागती है ?

प्रश्न 27. अपने विद्यालय के प्राचार्य को स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 5

अथवा

अपने मित्र को हाईस्कूल परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर एक बधाई-पत्र लिखिए।

प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 200-250 शब्दों में एक निबन्ध लिखिए- http://www.mpboardonline.com 7

(i) विज्ञान के बढ़ते चरण,

(ii) जीवन में अनुशासन का महत्व,

(iii) पर्यावरण संरक्षण,

(iv) मेरा प्रिय खेल,

(v) समय प्रबन्धन।

(ब) उपर्यक्त में से जिस विषय पर निबन्ध लिखा गया हो उसे छोड़कर शेष विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध की रूपरेखा लिखिए। 3